मासूम बालक की हत्या का खुलासा नहीं होने पर बाजार बंद रख जताया आक्रोश

मंडफिया (प्रातःकाल संवाददाता)। मंडफिया थाना क्षेत्र के टांडीखेड़ा गांव मे गत दिनों हुई एक मासूम बालक की हत्या का 20 दिन बाद भी खुलासा नहीं होने पर मंडफिया (सांवलिया जी) क्षेत्र के आसपास गांवों के लोगों द्वारा मंडफिया का बाजार बंद करा कर थाने का घेराव कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया गया।

जानकारी के अनुसार टांडी खेड़ा निवासी पुष्कर गुर्जर 9 वर्ष पुत्र कालू लाल गुर्जर का 18 नवंबर को घर से गायब होने के बाद 22 नवंबर को गांव के स्कूल के पास ही उसकी लाश मिली थी। बदमाशों द्वारा बालक की हत्या कर गले में फंदा डालकर आत्महत्या का रूप दिया गया। इसके बाद आज क्षेत्र के आसपास के गांवों के सैकड़ों लोगों के द्वारा मंडफिया बाजार बंद करवा कर पुलिस थाने पर हत्या का खुलासा नहीं होने पर थाने का घेराव किया। मंडफिया कस्बे के दुकानदारों ने भी बालक पुष्कर गुर्जर को न्याय दिलाने हेतु अपनी दुकानें स्वैच्छिक बंद रखी। वही मृतक के परिजनों का आरोप है कि हमारी शंका के आधार पर पुलिस को हत्यारों के बारे में बता दिया गया, लेकिन एक सेवानिवृत्त थाना अधिकारी के द्वारा इस जांच को प्रभावित किया जा रहा है। इसकी शिकायत भी मृतक के परिजनों ने एवं समाज जनों एवं ग्रामीणों ने भदेसर डिप्टी को की गई।

समाज के सुरेश चंद्र भड़ाना ने बताया कि इसके पहले समाज जनों ने पुलिस प्रशासन को तीन दिन में बालक की हत्या का खुलासा करने का अनुरोध किया था, लेकिन पुलिस द्वारा हत्या का खुलासा नहीं करने पर पूरे भदेसर क्षेत्र के गांवों के लोगों ने मंडफिया पहुंच कर थाने का घेराव कर प्रदर्शन किया। इधर पुलिस का कहना है कि इस मामले की हर पहलुओं पर बारीकी से अनुसंधान कर जल्द ही मामले का खुलासा कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। धरने एवं प्रदर्शन के दौरान भदेसर डिप्टी सहित आसपास के थाना क्षेत्र के भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

मृतक बालक पुष्कर गुर्जर (इनसेट), थाने का घेराव करते समाजजन एवं ग्रामवासी। - हनुमान प्रसाद शर्मा

पुरानी हत्या का भी उठा मामला

कुछ वर्षों पूर्व मंडफिया के गुर्जर समाज के एक बुजुर्ग हीरालाल गुर्जर जोकि रात्रि को अपने खेत पर सोया हुआ था। इस दौरान अज्ञात बदमाशों ने लठ्ठ मारकर बुजुर्ग की हत्या कर दी थी। इस हत्या के मामले का भी आज दिन तक खुलासा नहीं होने पर भी ग्रामीण आक्रोशित होकर इसका भी खुलासा करने की मांग की है।

डूंगरपुर। धम्बोला बस स्टेण्ड पर स्थित ज्वेलर्स की दुकान पर चोरी के बाद बिखरा सामान व एकत्रित भीड़। फोटो हरीश पंड्या

चांदी से भरी तिजोरी ले उड़े चोर

डूंगरपुर/सीमलवाड़ा (प्रातःकाल संवाददाता)। धंबोला कस्बे के बस स्टैंड मुख्य बाजार में स्थिति सर्राफ की दुकान के ताले तोड़ चोर अंदर रखी तिजोरी पार कर ले गए। तिजोरी में लाखों रुपए की कीमत के चांदी के जेवरात रखे हुए थे। चोरी की इस वारदात से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और आला अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। मामला धंबोला थाना क्षेत्र के धंबोला कस्बे निवासी आशा पंचाल की धंबोला सीमलवाड़ा रोड़ पर बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने सर्राफ की दुकान का है।

बीती बुधवार की शाम वह दुकान के ताले बंद कर घर के अंदर चले गए घर दुकान के पीछे ही है। देर रात चोरों ने मौका पाकर किसी समय दुकान के ताले कुंडी तोड़ दिए और दरवाजा खोल कर अंदर घुस गए। इसके बाद चोरों ने वहां रखी सेफ के ताले तोड़ने के प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिली। इस दौरान चोरों ने सेफको बाहर निकाल लिया और पास ही चार पहिया वाहन में तिजोरी को रख दिया। जिस समय चोर वारदात को अंजाम दे रहे थे, उसी समय दुकान मालिक की नींद खुल गई और घर के अंदर से दुकान दार ने चोर चोर की आवाज लगाई जिस पर चोर मौके से तिजोरी लेकर फरार हो गए। इसके बाद दुकानदार ने पुलिस को सूचना दी पुलिस मौके पर पहुंची दुकान के अंदर देखा तो तिजोरी गायब थी वहीं सामान बिखरा पड़ा हुआ था। सुबह घटना की जानकारी होने पर लोगों की भीड़ मौके पर एकत्रित हो गई थी। पुलिस जांच में जुटी है।

पड़ौसी सहित अन्य के विरूद्ध धोखाधड़ी का मामला दर्ज

चित्तौड़गढ़ (प्रातःकाल संवाददाता)। सदर थाना क्षेत्र के भण्डारिया निवासी एक युवक के नाम से बैंक में खाता खुलवा कर पड़ौसी व अन्य व्यक्तियों द्वारा धोखाधड़ी कर लाखों रुपये जमा करा निकलवा लेने का मामला सामने आया है। इसी प्रकरण में आरोपी व्यक्ति द्वारा 6 माह पूर्व भी पीड़ित युवक के अन्य खाते का धोखाधड़ी में उपयोग किए जाने पर न्यायिक अभिरक्षा में रहना पड़ा था। इस संबंध में पीड़ित युवक द्वारा पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर न्याय की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार पवन कुमार सालवी पिता श्याम लाल सालवी निवासी भण्डारिया थाना सदर चित्तौडगढ़ ने गुरुवार को अपने परिजनों व ग्रामीणों के साथ आकर राजकुमार नट पिता बद्री लाल नट निवासी भण्डारिया के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक के समक्ष ज्ञापन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस अधीक्षक को दिए ज्ञापन में पीड़ित युवक ने बताया कि उसके घर के सामने राजकुमार नट रहता है। कुछ माह पूर्व राजकुमार ने उसे लोन दिलाने का झांसा देकर उसका आधार कार्ड, फोटो आदि लेकर किसी एजेन्ट के माध्यम से उसके खाते खुलवा दिए और मोबाइल की सीम भी खरीद कर अपने पास रख ली। राजकुमार ने बैंक में पता बदलवा कर उसका एटीएम कार्ड, पास बुक आदि अपने पास रख लिए, लेकिन लोन नहीं दिलवाया। इसके बाद करीब 6 माह पूर्व उसके घर पर मुंबई की पुलिस पहुंची और उसके बैंक खाते का उपयोग लाखों रुपये धोखाधड़ी के लिए किए जाने के आरोप में उसे गिरफ्तार कर लिया। इससे पूर्व मुंबई पुलिस ने राजकुमार को भी गिरफ्तार किया था। जहां से वह जमानत पर बाहर आया।

सार-समाचार

रथ प्रवर्तन संयोजकों का सम्मान, पत्रिका का विमोचन

ओबरी (प्रातःकाल संवाददाता)। जैन समाज की सर्वोच्च साध्वी गणिनीप्रमुख आर्यिका शिरोमणि ज्ञानमती माताजी द्वारा तीर्थंकर ऋषभदेव, अजितनाथ, अभिनन्दननाथ, सुमतिनाथ एवं अनन्तनाथ आदि पांच तीर्थंकरों की जन्म भूमि शाश्वत तीर्थ अयोध्या से प्रवर्तित अयोध्या जैन तीर्थ प्रभावना रथ का वागड़ के ओबरी कस्बे में दो जनवरी को आगमन होने पर भव्य स्वागत किया जाएगा । इसके लिए रथ प्रवर्तन के संयोजक उदयभान जैन जयपुर एवं दिलीप जैन जयपुर का ओबरी नगर में आगमन गुरुवार शाम निमंत्रण पत्रिका देने हुआ। जैन समाज ओबरी अध्यक्ष देवीलाल पंचोरी, उपाध्यक्ष अनोखीलाल शाह, कोषाध्यक्ष महावीर गोदावत, भारतवर्षिय 18 हजार दशा हुमड़ दिगम्बर जैन समाज के प्रवक्ता मुकुल भुता, हंसमुखलाल जैन ने रथ प्रवर्तन के दोनों संयोजकों का सम्मान कर निमंत्रण पत्रिका का विमोचन किया। इसके बाद कस्बे के जैन संत भवन में विराजमान आचार्य चन्द्रसागर महाराज के संसघ से आशीर्वाद लेकर आचार्य को रथ भम्रण के संबंध में जानकारी दी।

दुनिया की सबसे बड़ी दौलत है मन की शांति : ललितप्रभ

राजसमंद (प्रातःकाल संवाददाता)। राष्ट्रसंत ललितप्रभ महाराज ने कहा है कि दुनिया की सबसे बड़ी दौलत मन की शांति है। सब कुछ छोड़कर इसको पा लिया तो सौदा सस्ता ही रहेगा। संतप्रवर नाथद्वारा रोड के पास श्रीजी ऑर्थोपेडिक हॉस्पिटल स्थित अरिहंत नगर में आयोजित सत्संग प्रवचन के दौरान आओ सीखें, कैसे पाएँ मन की शांति विषय पर प्रवचन दे रहे थे। इससे पूर्व राष्ट्रसंत ललित प्रभ, राष्ट्र संत चन्द्रप्रभ और डॉ मुनि शांतिप्रिय सागर महाराज के अरिहंत नगर पहुंचने पर श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत किया गया।

संचालन सत्तू पालीवाल ने किया। इस दौरान मीना संघवी, गौतम संघवी नाथद्वारा, रंजन करण पुरिया उदयपुर, ऋषि राज, हरकलाल जैन, लक्ष्मीलाल डाकलिया, ग तुराज चौहान, चंद्रप्रकाश सियाल, आशीष वागरेचा, कुलदीप सोनी, ललित बाफना, जितेन्द्र लड्ढा, आशा पालीवाल, पंकज मेहता, महावीर बोल्या आदि मौजूद रहे।

दीपक हिंगड़, डॉ वीरेंद्र महात्मा, हिम्मत कटारिया, दीपक कांकरिया, अनिल बोहरा, सुधीर व्यास, नवीन विश्वकर्मा, ओमप्रकाश मंत्री, प्रदीप लड्ढा, विजय बहादुर जैन, ललित मांडोत, सत्यनारायण पालीवाल उपस्थित थे।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुष्पेन्द्र शर्मा पुत्र स्व. श्री रामदत्त शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी ग्राम महूकलां तहसील गंगापुर सिटी जिला- गंगापुर सिटी (राज.) यह कि मेरी बैंक पास बुक, चैक बुक, वोटर आईडी, आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज पोलीथीन में थे, जो वो सब्जी मण्डी से सैनिक नगर के बीच में गिर गये थे, जो काफी तलाश करने के बाद भी मुझे आज तक नहीं मिले हैं। जिसकी गुमशुदा की रिपोर्ट थाना कोतवाली, गंगापुर सिटी में ऑनलाईन दर्ज कराई है। जिसका एलआर नं. 2021967/2023 दिनांक 15/12/2023 हैं। सूचित रहें।

विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों पर चर्चा

निम्बाहेडा (प्रातःकाल संवाददाता)। आगामी 17 दिसम्बर से आयोजित होने वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में उपखण्ड अधिकारी रमेष सिरवी पुनाडिया द्वारा ब्लॉक के जिला परिषद् सदस्यगणों, पंचायत समिति सदस्यगणों एवं सरपंचगणों की बैठक लेकर आवश्यक दिषा निर्देश दिये एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों से सुझाव मांगें बैठक में उपस्थित भुपेन्द्र सिंह सोलंकी जिला प्रमुख , अशोक नवलखा पूर्व विधायक एवं बगदीराम धाकड प्रधान पंस निम्बाहेडा ने यात्रा के सफल आयोजन के संबंध में आवश्यक सुझाव देकर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्मिकों को निर्देशित किया। बैठक में समस्त विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने यात्रा में अपने विभाग के कार्यो को बताया। 13 दिसम्बर को पंचायत समिति सभागार में आयोजित बैठक में ग्राम विकास अधिकारियों, पटवारियों, कृषि पर्यवेक्षकों को विस्तृत दिशा निर्देश प्रदान किये गये थे। बैठक में विशाल सीपा विकास अधिकारी, राधेश्याम पाण्डेय तसीलदार, जिला परिषद् सदस्यगण, पंचायत समिति सदस्यगण, सरपंचगण सहित समस्त विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

आमेट के सीबीईओ कार्यालय में साकेत साहित्य संस्थान की ई-बुक साकेत स्वीप संदेश का विमोचन करते हुए। - मुबारिक अजनबी

स्वीप अभियान में शिक्षकों की भूमिका सराहनीयः सीडीईओ तोमर

आमेट (प्रातःकाल संवाददाता)। मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के सफल क्रियान्वयन और जन एकजागरूकता का वातावरण निर्माण करने में शिक्षकगण की भूमिका सदैव सराहनीय रही हैं। शिक्षकों ने अपने विद्यालय एवं अन्य क्षेत्रों में छात्रों के माध्यम से विविध गतिविधियों के अंतर्गत नारा लेखन काव्य पाठ भाषण पोस्टर निर्माण की विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित करके स्वीप अभियान को जी गति प्रदान की वह सराहनीय हैं। उक्त विचार रविंद्र कुमार तोमर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी राजसमंद में साकेत साहित्य संस्थान की ई बुक साकेत स्वीप संदेश के विमोचन के अवसर पर व्यक्त किए। सीबीईओ कार्यालय आमेट में आयोजित कार्यक्रम में राजेंद्र कुमार गग्गड़ जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक ने कहा कि शिक्षा विभाग हमेशा ही शासन प्रशासन एवं निर्वाचन के कार्यो को बखूबी जिम्मेदारी से निर्वहन करते आए हैं और सरकार की आशाओं पर हमेशा हम खरे उतरे हैं। इस अवसर पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नरेंद्र सिंह चुंडावत आमेट, मुकुट बिहारी शर्मा देवगढ़, डालचंद मेनारिया प्राचार्य डाइट, सुषमा भाणावत रेलमगरा, रंजना कोठारी देलवाड़ा, नरोत्तम दाधीच राजसमंद, अनिल शर्मा भीम, जमना लाल माली खमनोर, रामावतार मीणा आमेट, राकेश पूरी गोस्वामी कार्यक्रम अधिकारी एवं पृथ्वी सिंह झाला संदर्भ व्यक्ति कुंभलगढ़ उपस्थित थे। साकेत स्वीप संदेश ई बुक के संपादक नारायण सिंह राव ने बताया कि राजसमंद जिले के प्रत्येक शिक्षक एवं प्रत्येक विद्यालय में स्वीप के अंतर्गत जो गतिविधियां आयोजित की गई है।

यशस्वी दुबे का राष्ट्रीय हैंडबॉल में चयन

बांसवाड़ा (प्रातःकाल संवाददाता)। लीयो इंटरनेशनल स्कूल के छात्र यशस्वी दुबे का 67वीं राष्ट्रीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत अण्डर 14 आयु वर्ग में राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है। लीयो संस्थान निदेशक मनीष त्रिवेदी ने बताया कि राष्ट्रीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता हैंण्डबॉल के लिए राज्य स्तर पर चयन शिविर 6 व 7 दिसंबर को चित्तौड़गढ़ में आयोजित किया गया। जिसके आधार पर चयनित विद्यार्थियों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता पुर्व प्रशिक्षण शिविर 8 से 14 दिसंबर तक राउमावि आछौडा जिला चित्तौड़गढ़ में आयोजित किया गया। इसके आधार पर राजस्थान राज्य की अंडर 14 हैंडबॉल टीम में श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर लीयो के छात्र यशस्वी दुबे का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DIVISION AMET (RAJSAMAND)

File No:- 1232 Date:- 04.12.2023

Notice Inviting Bid

Bids for **Nit No 09/2023-24, (Flood road works) 7 Nos.** are invited from interested bidders upto **Date 18.12.2023, 06.00 P.M.** Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.nic.in) of the state. and departemental website. The approximate value of the procurement is **Rs. 166.76 Lacs**.

NIB No: PWD2324A3854

UBN No.	
1. PWD2324WSOB16757	2. PWD2324WSSS16758
3. PWD2324WSSS16759	4. PWD2324WSSS16760
5. PWD2324WSSS16761	6. PWD2324WSSS16762
7. PWD2324WSSS16763	

(Magni Ram Regar)
EXECUTIVE ENGINEER
PWD DIVISION AMET

DIPR/C/16102/2023-24

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता एवं पदेन परियोजना प्रबंधक वाटर शेड सैल कम डाटा सेन्टर, जिला परिषद् राजसमन्द

क्रमांक /एफ. ( ) जल ग्रहण/2023-24/ 1216 दिनांकः- 07/12/2023

ई-निविदा सूचना संख्या- 11/2023-24

राजस्थान के माननीय राज्यपाल महोदय की ओर से Extention of Watershed Management Training Center Piplantri Distt Rajsamand कार्य राशि रू. 160.50 लाख सम्पादन करने हेतु उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक लोक निर्माण विभाग/ जल संसाधन विभाग/ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/ केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों/ केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/ डाक एवं दूर संचार विभाग/ रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निर्धारित प्रपत्र में ई टेण्डरिंग के माध्यम से वेबसाईट www.watershed.rajasthan.gov.in, www.dipr.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा दिनांक 08.12.2023 प्रातः 9.30 बजे से 28.12.2023 को दोपहर 12 बजे तक वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड एवं अपलोड की जा सकती है।

1. निविदा सूचना - 11/2023-24
UBN NO.- WSC2324WSOB00553

(चन्द्रप्रकाश बागड़ी)
अधीक्षण अभियन्ता एवं परियोजना प्रबंधक
वाटरशेड सैल कम डाटा सेन्टर
जिला परिषद, राजसमन्द

DIPR/C/15841/23-24

गो नंदी शाला का किया शुभारंभ

बेगू (प्रातःकाल संवाददाता)। बेगू क्षेत्र के पशु प्रेमियों ने नई अभिनव पहल करते गौशाला की तर्ज पर को नंदी शाला का शुभारंभ किया गुरुवार को लालबाई फूलबाई चौक पर आयोजित समारोह में नगर में घूम रहे गो नदियों की पूजा कर उन्हें गणेश घाटी स्थित को नंदी शाला में प्रवेश करवाया। पशु प्रेमियों ने गो नदियों के लिए नवनिर्मित को नदी शाला में सभी तरह की उनकी सुविधा उपलब्ध करवाई।

नाबालिग से दुष्कर्म प्रयास के आरोपी को 10 वर्ष का कठोर कारावास

चित्तौड़गढ़ (प्रातःकाल संवाददाता)। पोक्सो कोर्ट ने पांच वर्षीया नाबालिक से दुष्कर्म प्रयास के आरोपी को 10 वर्ष का कठोर कारावास व 45 हजार रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। राशमी थानांतर्गत 24 जनवरी 2021 को दर्ज मामले के अनुसार प्रार्थिया की नाबालिक पुत्री को आरोपी भंवरलाल पिता सवाईराम सालवी निवासी कारास उसके घर ले जाने की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे जहां से आरोपी भाग छूटा। आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट में प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार न्यायालय में पेश किया गया। जहां अभियोजन पक्ष की ओर से 13 गवाह व 21 साक्ष्य दस्तावेज के आधार पर न्यायाधीश ने भंवरलाल को दोषी करार देते हुए उक्त सजा से दण्डित किया।

आयुर्वेद विभाग के 10 दिवसीय शल्य चिकित्सा शिविर का उद्घाटन

रेलमगरा (प्रातःकाल संवाददाता)। आयुर्वेद विभाग के द्वारा 10 दिवसीय निःशुल्क अर्श-मस्सा, बवासीर, भगंदर क्षारसूत्र अंतरंग शल्य चिकित्सा शिविर का उद्घाटन राजस्थान पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गुरुवार को हुआ। कार्यक्रम में एसडीएम सुभाष हेमानी, तहसीलदार डॉ अभिनव शर्मा, सरपंच आशा देवी जाट, समाजसेवी भरत जाट, पूर्व जिला प्रमुख नंदलाल सिंघवी, जीवन सोनी, गिरिराज सोनी विभागीय उपनिदेशक डॉ राजीव भट्ट मौजूद थे। ब्लॉक प्रभारी डॉ तारकेश्वर प्रसाद गुप्ता, शिविर सहप्रभारी डॉ सुहेल मोहम्मद ने अतिथियों का स्वागत किया।

शिविर प्रभारी डॉक्टर समंदर शर्मा ने बताया कि कैंप मे सुबह 9 से 4 बजे तक निःशुल्क ओपीडी का संचालन किया जाएगा जिसमें स्त्री रोग चिकित्सा, पंचकर्म चिकित्सा एवं सामान्य रोगों की चिकित्सा विषय विशेषज्ञ द्वारा चिकित्सा के अलग-अलग काउंटर्स पर उपलब्ध कराई जाएगी।

ICICI Home Finance | **कॉरपोरेट कार्यालय :** आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अंधेरी - कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400059, भारत

शाखा कार्यालय: पहली मंजिल, दुकान नंबर- 46 से 49, लक्ष्मी कॉम्प्लेक्स, एम.आई. रोड, सुभाष मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001

(नियम 8(6) के प्रावधान देखें)

अचल मालमत्ता के बिक्री के लिए सूचना

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पढ़ी जाती है।

इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका भौतिक कब्ज़ा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड को यहां दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार, 'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है', और 'जो कुछ भी है' पर बेचा जाएगा;

क्र. सं.	कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार कानूनी उत्तराधिकारी का नाम कर्ज खाता क्रमांक	सुरक्षित परिसंपत्ति (संपत्तियों) का विवरण जिसमें ज्ञात संपत्ति हो, कोई हो।	बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / बयाना राशि	संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	नीलामी की तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	सरोज (उधारकर्ता) अशोक कुमार (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या LHJDC00001398489 & LHJDC00001399562	संपत्ति 1: फ्लैट नंबर 215 टावर नंबर 'बी' में दूसरी मंजिल पर जिसे 'उदय वीन्स' के नाम से जाना जाता है, खसरा नंबर 62/1 62/402 62/403, गांव- नरोत्तम पुरा, तहसील सांगानेर, जिला- जयपुर, राजस्थान संपत्ति 2: टावर नंबर 'बी' में दूसरी मंजिल पर फ्लैट नंबर 216 जिसे 'उदय वीन्स' के नाम से जाना जाता है, खसरा नंबर 62/1 62/402 62/403, गांव- नरोत्तम पुरा, तहसील सांगानेर, जिला- जयपुर, राजस्थान	रु. 14,13,740/- 07 दिसंबर 2023	रु. 7,04,983/- रु.70,500/- रु. 7,02,046/- रु. 70,210/-	15 जनवरी, 2024 सुबह 11:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक	23 जनवरी 2024 02:00 अपराह्न 03:00 अपराह्न

ऑनलाइन निलामी हमारी निलामी एजन्सी **ब्लोब टेक (यूआरएल लिंक https://BestAuctionDeal.com)** के वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। गिरवी रखने वाले/सूचना कुल थकबाकी रकम का **22 जनवरी 2024** को **शाम 05.00** तक आगे के ब्याज के साथ प्रदान करने के लिए सूचना दी जाएगी अन्यथा, सदर प्रतिभूत मालमत्ता की अनुसूची अनुसार बिक्री की जाएगी।

प्रस्तावित बोलीदार सदर बयाना राशी जमा के साथ (रकाना क्र. ई) में संदर्भित) मुहरबंद लिफाफा में सुपरस्क्राईब्ड मालमत्ता के खरीद के लिए प्रस्ताव उनके प्रस्ताव **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, पहली मंजिल, दुकान नंबर- 46 से 49, लक्ष्मी कॉम्प्लेक्स, एम.आई. रोड, सुभाष मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001** तहत **दि. 22 जनवरी 2024** को **शाम 04.00** तक भेजे एवं पेश करें। कृपया प्रस्तावित बोलीदार उपरी निर्देशित समय के अनुसार उनके प्रस्ताव निविदा दस्तावेज के हस्ताक्षरित प्रति **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, पहली मंजिल, दुकान नंबर- 46 से 49, लक्ष्मी कॉम्प्लेक्स, एम.आई. रोड, सुभाष मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001** तहत **दि. 22 जनवरी 2024** को **शाम. 5.00 बजे** के पहले पेश करें। बयाना रकम जमा ड्राफ्ट (डीडी) राष्ट्रीयकृत/शेड्युल्ड बैंक से योग्य निलामी आयोजन **आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लि.** - निलामी के नाम से **जयपुर** तहत पेश करें।

जांच के संबंध में अधिक जानकारी के लिए, निलामी के नियम एवं शर्तें एवं निविदा को पेश करने के लिए कृपया **आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लिमिटेड** के मो. क. 022-69974300 पर या हमारे **सेल्स एंड मार्केटिंग पार्टनर नेक्ससेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** पर सम्पर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी के पास कोई भी कारण न देकर सर्व बोली रद्द करने का अधिकार आरक्षित हैं। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के वेबसाइट **https://www.icicihfc.com/** से सम्पर्क करें।

दिनांक : 16 दिसंबर 2023
स्थान : जयपुर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लिमिटेड